# ब्राजील एक्सपो से बुलेटप्रूफ जैकेट, बूट निर्यात की खुली राह

विवेक मिश्र ● जागरण

- ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में प्रदर्शनी में 12 देशों के प्रतिनिधियों ने भारतीय उत्पादों को सराहा
- कानपुर स्थित टीसीएल ग्रुप के अधिकारियों ने जल्द बड़ा निर्यात आर्डर मिलने का किया दावा

**कानपुर** : वैश्विक रक्षा क्षेत्र में भारतीय सैन्य रक्षा उत्पादों का निर्यात बढ़ाने के लिए डिफेंस कंपनियां एक्सपो का सहारा ले रही हैं। जहां विभिन्न देशों के सैन्य अफसर आधुनिक सैन्य रक्षा उत्पादों को परख रहे हैं। एक से चार अप्रैल तक ब्राजील के रियो डी जेनेरियो शहर में 13वें एलएएडी रक्षा और सुरक्षा एक्सपो 2025 लगा। इसमें भारत की तरफ से रक्षा मंत्रालय के पीएसयू कानपुर स्थित ट्रूप कंफर्ट्स लिमिटेड (टीसीएल) ने पहली बार हिस्सा लिया। सैन्य अफसरों ने आयुध निर्माणियों के उत्पादों की सराहा और निर्यात आर्डर की प्रक्रिया के लिए वार्ता की।

पहली बार ब्राजील में लगे एक्सपो में टीसीएल के अधीन संचालित चार आयुध निर्माणी ओईएफ कानपुर और हजरतपुर, आयुध वस्त्र निर्माणी शाहजहांपुर, आवडी (चेन्नई) में निर्मित सैन्य



ब्राजील के रियो डी जेनेरियो शहर में लगे डिफेंस एक्सपो में स्वदेशी सैन्य रक्षा उत्पादों को दिखाते टीसीएल ग्रुप के अधिकारी ● इंटरनेट मीडिया

रक्षा उत्पादों की प्रदर्शनी में बर्फीले बूट, हिमवीर सूट और बुलेट रेसिस्टेंट, टेंट जैकेट, ग्लब्स सहित अन्य उत्पादों को सराहना मिली। ब्राजील, इजिप्ट, उरुग्वे, पेरु, गुयाना, युगांडा सहित अन्य देशों के सशस्त्र बलों और सुरक्षा उद्योग के अधिकारियों ने आयुध निर्माणियों के उत्पादों की सराहा। बता दें, एक्सपो लैटिन अमेरिकी का रक्षा और सुरक्षा व्यापार का सबसे बड़ा मंच है। लैटिन अमेरिका की मजबूत अर्थव्यवस्था और वैश्विक जुड़ाव के कारण इस एक्सपो में प्रदर्शन विश्व व्यापार के अवसरों को बढ़ावा देता है। **मेक इन इंडिया मुहिम ने शोध व**

**विकास को बढ़ावा** : रक्षा क्षेत्र में मेक इन इंडिया मुहिम ने शोध एवं विकास को बढ़ावा मिला है। आयुध अफसर बताते हैं कि टीसीएल ग्रुप ने बुलेट प्रूफ जैकेट, हाई एल्टीट्यूड टेंट, स्नो बूट व आर्मी बूट, बूट क्रैम्पन, ग्लब्स सहित अन्य उत्पादों पर अनुसंधान व विकास किया। एक्सपो से आत्मनिर्भर भारत का संदेश दूसरे देशों के सैन्य अधिकारियों तक पहुंचा। अब प्रबल संभावना है कि जल्द ही निर्यात आर्डर मिलेंगे।